# जमीन का मिल गया मुआवजा फिर भी बेच रहे करोड़ों में

**खास बातें**

- कई विभागों ने नहीं कराया नामांतरण
- पुराने जमीन मालिक के नाम रिकार्ड में दर्ज अहमदपुर रोड और ईदगाह चौराहे पर गफलत की स्थिति में जमीन





नवभारत न्यूज

**विदिशा 16 फरवरी, कई सरकारी विभाग ने जमीन के मालिकों की जमीन को अधिग्रहण कर उसका बकायदा मुआवजा दे दिया है. लेकिन जमीन अधिग्रहण करने के बाद नामांतरण, अमल और रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं कराया जिसके चलते जमीन अभी पुराने जमीन मालिक के नाम रिकार्ड में दिखा रही है. जिसके चलते मुआवजा लेकर भी उस जमीन को दुबारा से बेंचा जा रहा है.पहले जहां ईदगाह चौराहा स्थिति नहर की जमीन को बेंचने का मामला सामने आया था.इस जमीन का मुआवजा दिया जा चुका है और अब जमीन को बेंचा जा रहा है.इसी तरह का मामला अहमदपुर रोड स्थित जमीन से जुड़ा मामला सामने आया है.यहां भी विभाग ने जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा दे दिया. लेकिन रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं कराया. विभागों की इस भूल और लापरवाही का नतीजा है कि जमीन बिक रही.**

शहर में अतिक्रमण और सड़कों की बदहाल स्थिति के बीच अब रिकॉर्ड दुरुस्ती का मामला भी सामने आ रहा है. आज़ादी के बाद 21वीं सदी में प्रवेश कर चुके शहर में अभी तक कई सड़कों के राजस्व एवं नगर पालिका रिकॉर्ड अद्यतन नहीं हो सके हैं, जिससे प्रशासनिक भ्रम की स्थिति बन रही है.जानकारी के अनुसार अहमदपुर रोड पर स्थित अंबेडकर चौराहा से नेशनल हाईवे/एक्सप्रेस-वे तक जाने वाले मार्ग के संबंध में अलग-अलग नाम दर्ज पाए जा रहे हैं. राजस्व अभिलेखों और विभागीय दस्तावेजों में एक ही सड़क के लिए कई नाम दर्ज होने से नागरिकों, व्यापारियों और यहां तक कि शासकीय विभागों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रिकॉर्ड की दुरुस्ती नहीं होने से संपत्ति पंजीयन, नक्शा स्वीकृति, टैक्स निर्धारण और विकास कार्यों में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं. वहीं अतिक्रमण की समस्या भी सड़कों की वास्तविक चौड़ाई और सीमांकन को प्रभावित कर रही है.शहरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका और राजस्व विभाग संयुक्त सर्वे कर सड़कों के नाम, सीमांकन और अभिलेखों को शीघ्र अद्यतन करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो.नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ पटवारी ने बताया कि पीडब्लूडी , ऐरिगेशन सहित विभागों द्वारा जमीन अधिग्रहण किए जाने के बाद अमल और नामांतरण के लिए तहसीलदार कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जिससे उनके नामांतरण नहीं हो सके हैं और अभी भी शासकीय भूअभिलेख दस्तावेजों में पुराने नाम दिख रहे हैं जिससे यह समस्या आ रही है.

**करेंगे कार्रवाई-एसडीएम**

इस संबंध में एसडीएम क्षितिज शर्मा ने कहा की विभाग द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि का यदि अमल नहीं हुआ है तो विभाग तहसील कार्यलय में आवेदन देकर उस पर अमल कराए तथा अधिग्रहण की गई भूमि की नपती करा सकता है.शासन द्वारा अधिग्रहण की गई शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है तो हम अतिक्रमण भी हटायेंगे.



## खुले मैदान में नदी किनारे मिली एक्सपायरी सरकारी दवायें

**मवेशियों को नुकसान की आशंका**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 16 फरवरी, बेतवा नदी किनारे खुले मैदान में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी सरकारी दवाएं मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. सुबह टहलने गए स्थानीय लोगों ने जब मैदान में दवाइयों के खाली डिब्बे, इंजेक्शन की शीशियां और पत्तियां बिखरी देखीं तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी. प्राथमिक तौर पर अंदेशा जताया जा रहा है कि ये दवाएं किसी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित हो सकती हैं.**खुले स्थान पर इस प्रकार एक्सपायरी दवाओं का फेंका जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है. मैदान के आसपास आवासीय बस्तियां हैं और यहां रोजाना मवेशी चरने आते हैं. नागरिकों का कहना है कि यदि पशु इन दवाओं को खा लेते हैं तो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ सकता है.इसके अलावा छोटे बच्चों के हाथ लगने पर भी यह खतरनाक साबित हो सकता है.स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है.उनका कहना है कि यदि दवाएं सरकारी स्टॉक की हैं तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि दवाओं के सुरक्षित निस्तारण के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित हैं.सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर दवाओं को एकत्रित किया.अधिकारियों ने जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है.नागरिकों ने भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सख्त निगरानी और जवाबदेही तय करने की मांग की है.

**एक नजर में**

### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान 24 फरवरी से

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्री जिनोदय तीर्थक्षेत्र निसई जी पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन पूज्य मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित किया जावेगा. जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है. समाजसेवी राकेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर 24 फरवरी को प्रात:काल घट यात्रा निकाली जावेगी. जो श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय पचखनी जैन मंदिर सिरोंज से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए श्री जिनोदय तीर्थक्षेत्र निसई जी पर पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है.

### लटेरी में आज जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार 17 फरवरी को लटेरी में आयोजित किया जाएगा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं.लटेरी एसडीएम नितिन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम लटेरी एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित आजीविका भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा.

## पिपलियाहाट से देवपुर रवाना हुई शिव बारात

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, बाबा बर्फानी दरबार पिपलिया हाट में श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल सिरोंज द्वारा महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारा संपन्न हुआ. इस दौरान भव्य शिव बारात भी निकाली गई. जो बाबा बर्फानी दरबार से पावन विश्वनाथ देवपुर के लिए रवाना हुई. जिसका संचालन समाजसेवी वीरेंद्र पालीवाल ने किया. शिव बारात का स्वागत, पूजन, अर्चन, महाआरती बाबा बर्फानी दरबार पर श्री अमरनाथ**



**बर्फानी सेवादल के अध्यक्ष तुलसीराम शर्मा ने की.**

इस दौरान शिव बारात में हजारों की संख्या में भक्त सम्मिलित हुए. भक्तों ने बाबा के दरबार में महाप्रसादी ग्रहण की. रात्रि में पंचामृत पंचाभिषेक शास्त्री ऋषिकांत के द्वारा विधि विधान से कराया गया. प्रात: ब्रह्म महूर्त में हवन किया गया.

## नई पात्रता पर्चियां जारी में सिरोंज जनपद अग्रणी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज जिले में पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन पात्रता पर्चियां जारी करने का कार्यों का जायजा लिया. जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक कुल 2505 नई पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं. जिसमें दिसंबर में 633, जनवरी में 734, फरवरी में 544 तथा मार्च में 594 पात्रता पर्चियां जारी की गई. स्थानीय निकायवार जारी आंकड़ों के अनुसार जनपद पंचायत सिरोंज 483 पात्रता पर्चियां जारी कर जिले में प्रथम स्थान पर रहा. जनपद पंचायत बासौदा में 372, जनपद पंचायत नटेरन में 356, जनपद पंचायत लटेरी में 240 तथा जनपद पंचायत कुरवाई में 239 पात्रता पर्चियां जारी की गई. इसी प्रकार जनपद पंचायत विदिशा में 206, जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 137 पात्रता पर्चियां जारी हुई. नगरपालिका विदिशा में 185, नगरपालिका सिरोंज में 149 तथा नगरपालिका गंजबासौदा में 69 पात्रता पर्चियां जारी की गई. नगरपरिषद शमशाबाद में 29, नगरपरिषद लटेरी में 28 तथा नगरपरिषद कुरवाई में 12 पात्रता पर्चियां जारी की गई. जिला प्रशासन द्वारा पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है. जिससे पात्र परिवारों को खाद्यान्न सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके.



## मुक्तिधाम को संवारने के लिये हो रहे कार्य

**राजा हरिश्चंद्र जी के मंदिर का हो रहा निर्माण**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार की रात्रि में नगर के तहसील रोड स्थित मुक्तिधाम पर मोक्षधाम सेवा समिति सिरोंज के तत्वाधान में समाजसेवियों ने पहुँचकर दीपमाला बनाई. साथ ही मुक्तिधाम परिसर को विधुत रोशनी से सजाकर पूजा, अर्चना एवं महाआरती की गई. मुक्तिधाम को संवारने के लिए समिति द्वारा जन सहयोग से विकास कार्य कराया जा रहा है.मोक्षधाम सेवा समिति सिरोंज के सदस्यों ने रविवार को रात्रि में समूचे मुक्तिधाम परिसर में दीपों की रोशनी से जगमग करते हुये यहां स्थापित देवी देवताओं की पूजा, अर्चना कर सामूहिक आरती की. इस दौरान नगर के कई सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भी पूजा, अर्चना की. तथा लोगों ने ध्यान किया. इसके पूर्व यहाँ विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई. इस मुक्तिधाम की दशा और दिशा संवारने के लिए समिति द्वारा जनसहयोग से वृक्षारोपण के साथ कई निर्माण कार्य कराये गये. समिति के सदस्य रामप्रकाश साहू ने बताया कि मुक्तिधाम में जनसहयोग से राजा हरिश्चंद्र जी के मंदिर का निर्माण कार्य जारी है. शीघ्र इस मंदिर में राजा हरिश्चंद्र जी की प्रतिमा स्थापित की जावेगी. वही मुक्तिधाम परिसर में फुलवारी लगाने के साथ ही वृक्षारोपण किया गया है. जिसमें पीपल, जामुन, पाखर सहित विभिन्न किस्म के पेड़ पौधे लगाये गये हैं. मुक्तिधाम परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के साथ ही लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई है. वही आगामी दिनों में इस परिसर में भगवान महादेव का एक मंदिर भी स्थापित कराने की योजना है.

## मेलों में बनाए जाएंगे आधार और आयुष्मान कार्ड

नवभारत न्यूज

**विदिशा,कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिले में आयोजित होने वाले मेलों में आमजन को आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.**

उन्होंने कहा कि जिले में जहां-जहां मेले आयोजित होंगे, उन सभी स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग इस कार्य को प्रमुखता के साथ क्रियान्वित करना सुनिश्चित करे.कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेलों में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोग पहुंचते हैं, ऐसे में यह एक अच्छा अवसर है कि उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेज मौके पर ही बनाए जाएं.उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं, उपकरण एवं प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे पात्र हितग्राहियों का तत्काल पंजीयन किया जा सके.बैठक में यह भी कहा गया कि जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड नहीं बने हैं या उनमें त्रुटियां हैं, उनके सुधार एवं नवीन आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही भी मेला स्थल पर की जाए. इस कार्य में अन्य संबंधित विभागों से भी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके.

## चोर घाट नाला और पीलिया नाले सीवेज के पानी को नियंत्रित करने एनजीटी में दायर याचिका

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी के महासचिव देवेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने एक वक्तव्य में बताया कि आज विदिशा में बेतवा नदी के जल प्रदूषण को नियंत्रित करने, नदी के जल में सीवेज के मिश्रण को रोकने और विदिशा के नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल प्रदान करने की मांग को लेकर देवेंद्र सिंह राठौड़ बनाम नगर पालिका विदिशा एनजीटी ( राष्ट्रीय हरित अधिकरण ) में याचिका दायर की है.**

याचिकाकर्ता देवेंद्र सिंह राठौड़ के साथ-साथ अतुल तिवारी, इस्माइल खान, संजीव शर्मा, तीरथ सिंह दरबार, महेंद्र यादव, नीरज चौरसिया, सविता कटारे, विवेक ठाकुर, सुंदर सिंह दांगी, राजकुमार पासी, गिरजा शंकर तिवारी, पंडित निखिल बंटी महराज, सुजीत देवलिया, बृजेंद्र सिंह परमार, डॉ यशिमता गुप्ता, डॉ अनीता सिंह, संजय तिवारी, मनोज श्रीवास्तव आदि के नाम से दायर याचिका में विदिशा बेतवा नदी को प्रदूषित करने वाले नालों की रोकथाम एवं शुद्ध पेयजल विदिशा के नागरिकों को प्रदाय करने के लिए याचिकाकर्ताओं ने यथाशीघ्र उपरोक्त संदर्भ में समुचित निर्देश प्रदान करने की अपील एनजीटी से की है.उक्त जानकारी देवेंद्र सिंह राठौड़ महासचिव सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी विदिशा ने दी.

## देवपुर मंदिर के सामने टीनशेड पर लगे घंटा पर दिखा सर्प

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** महाशिवरात्रि के दिन रविवार को जहां एक ओर देवपुर में बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ लगी हुई थी. वही दूसरी ओर मंदिर के सामने टीनशेड पर लगे घंटा पर एक सर्प दिखाई दिया. इस दौरान भक्त इस क्षेत्र में आ जा रहे है. काफी देर बाद भक्तों की नजर पड़ी. सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन राजपूत ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन रविवार को देवपुर में बाबा विश्वनाथ मंदिर के



सामने टीनशेड पर लगे घंटा पर एक सर्प दिखाई दिया. कुछ देर बाद यह सर्प समीप स्थित कुंड की ओर चला गया.

## बंगला घाट पर केदारनाथ धाम के दर्शन करने महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भी पहुंचे श्रद्धालु

**सप्ताहभर लगा रहेगा केदारनाथ का दरबार**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर के बंगला घाट पर महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को केदारनाथ धाम के दर्शन करने सारा शहर उमड़ पड़ा. सुबह 7 बजे से रात एक बजे तक भीड़ लगी रही. इस बार बेतवा की बीच धार में केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया गया था.यह आयोजन बांग्लाघाट श्रम सेवा समिति द्वारा किया गया. समिति के संजय





प्रजापति, सुरेन्द्र कुशवाह, पवन नामदेव, कुलदीप शर्मा,हेमंत दुबे,राजकुमार प्रजापति, गौरव सेन, सौरभ कुशवाह, दीपेश प्रजापति, पंकज शर्मा, हेमंत नामदेव, जय प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे रहे.आयोजन समिति के संजय प्रजापति ने बताया कि रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक दोपहर 2 बजे तक चला. वहीं शाम को 8 बजे महा आरती की गई।इसके बाद 9 बजे से उज्जैन की टोली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया.पश्चिम बंगाल से आए कलाकार संतोष विश्वास के मार्गदर्शन में उनकी 10 सदस्यीय टीम द्वारा भव्य केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण कराया है.बीच बेतवा में मंदिर की झांकी की कुल ऊंचाई गुम्बद सहित लगभग 55 फीट है.मंदिर का निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया गया है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और धार्मिक वास्तुशैली का विशेष ध्यान रखा गया है.आयोजन समिति के अनुसार भव्य एवं आकर्षक केदारनाथ मंदिर की झांकी के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटें.बताया गया कि यह दरबार सप्ताह भर तक लगा रहेगा.

**बैठक** | **जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आयोजित**

# जमीन पर संघर्ष कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलेगा संगठन में स्थान-संजय

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिला कांग्रेस समन्वय समिति की संगठनात्मक बैठक में कांग्रेस के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त उपस्थिति रहे. जिला प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर के साथ जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की विशेष रूप से उपस्थित रहे .**



बैठक मे कॉंग्रेस के पूर्व विधायक,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी , ब्लॉक अध्यक्षों एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्षगणों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य एवं ग्राम एवं वार्ड पंचायत समितियों के गठन की कार्ययोजना तथा आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक मे जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने पर जोर दिया गया.

बैठक में जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने एजेंडा प्रस्तुत किया. जिला कार्यकारिणी का गठन , पंचायत , वार्ड कमेटियों एवं मंडलम का गठन , ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्तिथि पर चर्चा की गई ,एस.आई.आर में यदि पूर्णता सतर्कता नहीं बरती गई तो इसका खामियाजा पार्टी को भुगतान होंगा.बैठक मे राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने कहा की लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूरे प्रदेश मे विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के तहत रखा है. इसलिए राहुल गांधी की विदिशा जिले मे कॉंग्रेस संगठन में व्यक्तिगत रूचि है. श्री दत्त ने कहा की जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी और पूरे संपूर्ण जिले के कार्यकर्ता बधाई के पात्र है की अमेरिका के साथ कृषि ट्रेड डील के विरोध में केंद्रीय कृषि मंत्री के पुतले दहन कार्यक्रम प्रशासन के भारी दबाव के बाबजूद पंचायत स्तर पर सफलता से आयोजित हुआ , उन्होंने कहा की राहुल गांधी का साफ कहना है की भाजपा से डरों मत और यह बात विदिशा जिले के कार्यकर्ताओं ने सिद्ध कर के दिखा दिया. श्री दत्त ने कहा की संगठन में सिर्फ संघर्ष करने बालों को सम्मान दिया जाये , जो लोग सत्ता की लालच में कॉंग्रेस पार्टी छोडकर चले गये उन्हें पार्टी में वापिस न लिया जाये इसको केन्द्रीय नेताओ के संज्ञान में लाया जाएगा , क्योंकि कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझोता नहीं किया जाएगा , उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संघर्ष का समय है पार्टी जो दायित्व दे उसे ईमानदारी से निभाय.श्री दत्त ने आरोप लगाया की प्रधानमंत्री मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में ट्रेड डील साइन कर भारत के किसानों की आहुति दे दी है. संजय दत्त ने कहा की देश के कृषि मंत्री मध्य प्रदेश से है फिर भी यहां का किसानों देश मे सबसे जायदा परेशान है. पहले सरकार की किसान विरोधियों नीतियों से मध्य प्रदेश के हर किसान परिवार को 74,420 के कर्ज में पहुंचा दिया और अब मध्य प्रदेश के 1.66 लाख किसानों का किसान सम्मान निधि से नाम काट दिया.

उन्होंने आरोप लगाया की कई किसानों को ईकेवायसी की तकनीकी उलझनों में फंसाकर पात्र किसान भाइयों के नाम हटाए जा रहे हैं.

## नेत्र शिविर में 91 की हुई जांच, 43 को निकला मोतियाबिंद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय दादी मां श्रीमती मुललेबाई स्वर्गीय पिता हजारीलाल, मां श्रीमती रामकली बाई तमरकर की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र सुरेश चंद ताम्रकार एवं ताम्रकार परिवार बासौदा के सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला मैं 16 फरवरी दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया. शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए हितेश मिचलानी ने 91 मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 43नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 35नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 13 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया.

इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, प्रकाश माहेश्वरी, हेमंत राय, दयाशंकर जायसवाल, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राधे श्याम साहू सतपाल तनवानी प्रवक्ता राजकुमार मलकानी , प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता , सुरेश ताम्रकार, विजय भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, जितेंद्र दॉगी ,चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र जैन, लाल बहादुर ताम्रकार,देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे खेमचंद मेहता, संजू मोटवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.